➤Postal Regd. No. MCN/298/2016-2018 ➤RNI No. MAHMUL/2015/65928

गऊ वंश पर आधारित प्रथम राष्ट्रीय साप्ताहिक समाचार पत्र हिंदी, अंग्रेजी और गुजराती भाषा में।

www.gaubharatbharati.com

संपादक - संजय शर्मा

गऊ भारत भारती

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पालघर, नाशिक, पुणे, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, गुजरात में वितरित

मूल्य ₹/- रुपये

● Email: gaubharatbharti@gmail.com ● वर्ष- 7 ● अंक- 32 ● मुंबई, रविवार 23 जनवरी 2022 से 29 जनवरी 2022 ● पृष्ठ- 4

Deepak Farsan Mart Kurla

दीपक फरसाण मार्ट कुर्ला

595, Pipe Road, Opposite Deepak Farsan, Kurla (W), Kurla West, Kurla, Mumbai, Maharashtra 400070 Phone: 098195 52117

संक्षिप्त खबरें

गणतंत्र दिवस पर कड़ी सुरक्षा के साये में मुंबई! पुलिस की जनता से अपील; संदिग्ध की जानकारी दें

मुंबई- गणतंत्र दिवस पर मुंबई पुलिस पूरी तरह चौकस रहेगी। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, हाल ही में दिल्ली में गाजीपुर सब्जी मंडी और त्रिलोकपुरी में मिले संदिग्ध बैग की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने भी एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मुंबई पुलिस द्वारा न सिर्फ मुंबई बल्कि आसपास के जिलों की भी सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मॉनिटर किया जा रहा है। इसके लिए

संबंधित जिले के पुलिस प्रमुख से बातचीत कर वहां की कानून व्यवस्था के बारे में अपडेट लिया जा रहा है। हालांकि मुंबई पुलिस इसे नियमित जांच प्रक्रिया बता रही है, लेकिन खुफिया विभाग से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि एटीएस, आईबी, और सीआईडी जैसे अहम सुरक्षा एजेंसियों से नियमित तौर पर तालमेल बिठा कर स्थानीय प्रशासन कार्य कर रही है। महत्वपूर्ण स्टेशनों एवं इनसे लगे भीड़भाड़ वाले बाजारों में सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सागरी पुलिस से जुड़े अधिकारी वी.आर.पाटील के मुताबिक, अरब सागर के रास्ते मुंबई हमले जैसी कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए सागर तटों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता किया जा रहा है।

मुंबई में २० मंजिला इमारत में भयानक आग, २८ लोग झुलसे, ६ लोगों की मौत

मुंबई- महाराष्ट्र के मुंबई में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. यहां मुंबई के तारदेव में भाटिया अस्पताल के पास कमला बिल्डिंग की २० मंजिला इमारत में आग लग गई. बताया जा रहा है कि आग १८वें मंजिल

पर लगी थी. हादसे में २८ लोग जख्मी हुए हैं. सभी को भाटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया. बताया जा रहा है कि इमारत में फायर सिस्टम था, लेकिन वह काम नहीं कर रहा था. जानकारी के अनुसार इस आग में झुलसे ६ लोगों की मौत हो चुकी है. पहले ७ लोगों की मौत की खबर सामने आई थी. राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को ५-५ लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया है. वहीं, घायलों के इलाज का खर्चा राज्य सरकार उठाएगी. इसके अलावा पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों को २-२ लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है. वहीं, घायलों को ५०-५० हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी. बताया जा रहा है कि सुबह ७.३० बजे कमला बिल्डिंग की १८वीं मंजिल में ये आग लगी. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. आग की वजह अभी पता नहीं चल पाई है. पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आग की वजह का पता चल पाएगा. हालांकि, बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी है.

दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव में गोहत्या पर उम्रकैद की सजा

दोषियों को भरना होगा एक से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना

नई दिल्ली- केंद्र शासित प्रदेश दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव में गोहत्या विरोधी कानून के कड़े प्रविधान लागू होंगे। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्रालय ने दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव के लिए गोहत्या के खिलाफ कड़े कानून को अधिसूचित किया है। दोषियों को १० साल से लेकर उम्रकैद की सजा और एक से पांच लाख रुपये का जुर्माना भरना होगा। संशोधित कानून के दायरे में गाय, बछड़ा, बछिया, बैल और सांड को शामिल किया गया है।

इन मवेशियों के ट्रांसपोर्टेशन और बीफ की बिक्री पर प्रतिबंध होगा। केंद्र शासित दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव (राज्य कानूनों के अनुकूलन) दूसरा आदेश २०२२ के अनुसार, मंगलवार को दोनों पूर्ववर्ती केंद्र शासित प्रदेशों में लागू बांबे पशु संरक्षण अधिनियम १९५४ में संशोधन किया गया है। अब यह संयुक्त केंद्र शासित प्रदेश में लागू होंगे। यह कानून गुजरात के साथ ही गोवा में भी लागू है।

मेघालय की एक अदालत ने

में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के वरिष्ठ नेता निदामोन चुलेट को शराब के नशे में २५ वर्षीय व्यक्ति की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई है। वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले की अदालत की ओर से एनपीपी के कार्यकारी अध्यक्ष पर ५० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। एनपीपी के वरिष्ठ नेता निदामोन चुलेट को मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा का करीबी माना जाता है। अदालत ने चुलेट के सहयोगी कोमिंग राबोन को भी शव ठिकाने लगाने का दोषी पाया।

SHAGUN GUPTA FOUNDATION

PRESENT'S

IN ASSOCIATION WITH

Gau Bharat Bharati

भारत के वीर शहीदों के नाम

1st Foundation Day And

Seva Samman Samaroh

Dr. Shagun Gupta Founder Chief Trustee

- Invited Chief Guest -

Mr. Ajay Kaul (President Ekata Manch)



Mr. Surender Pal Film Star



Aruna Nabh Life Hands Foundation (Founder) Social Activist

Mr. Amarjit Mishra EX. vice-chairman of Maharashtra Film, Stage & Cultural Development



Miss Lokesh Kumari Actress Big Boss Fame

Mr. Ram Kumar pal National Vice President PM Atamnirbhar Bharat

Mr. Prashant Kashid Vice President Ekata Manch

Pallavi kulkarni Film Actress



Aarti Naagpal Film Actress

V. I. P. Staindup Commedian

Karishma Rao Actress

Mr. Vikas Kapoor Film Writer & Producer

Nita Jayesh Desai Write Co Founder Of Life Hands Foundation Social Activist

Dr Bhakti Talekar Gynecologist MD DGO

Mr. Midhat Khan Film Actor

Pentali Sen Film Actress

Sanjay Amaan Chief Editor, Writer, Poet, Author Film And Music Producer

Date: 26 Jan 2022 Timing 3 to 6PM

Venue: The Classique Club, New Link Road, Andheri West, behind Infinity Mall, Mumbai, Maharashtra 400053

Supported By-

एंबुलेंस मिलते ही गौ सेवा मंडल का काम हुआ आसान

अंबिकापुर- बीमार और दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मवेशियों के सेवा कार्य में गौ सेवा मंडल जी जान से जुटा हुआ है। अंबिकापुर के सेवाभावी अजय अग्रवाल के परिवार द्वारा एंबुलेंस उपलब्ध करा देने के बाद गौ सेवा मंडल का कामकाज थोड़ा आसान हुआ है। अब बीमार अथवा दुर्घटना में घायल मवेशियों को पशु चिकित्सालय ले जाने में पहले जैसी तकलीफ नहीं होती। सूचना मिलते ही गौ सेवा मंडल के सदस्य एंबुलेंस से मवेशियों को पशु चिकित्सालय पहुंचा रहे हैं।

यूं तो गौ सेवा मंडल विगत चार वर्षो से सरगुजा संभाग में बेजुबानो की जान बचाने का कार्य करते आ रहा है लेकिन एंबुलेंस के अभाव में हमेशा से ही उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता रहा है लेकिन पशुओं को लाने ले जाने एंबुलेंस मिल जाने से वे अपना सेवा कार्य और त्वरित तरीके से कर पा रहे हैं। गौ सेवा मंड़ल के अध्यक्ष रिंकू तिवारी ने बताया कि उनकी टीम चार साल से २४ घंटे बेजुबानों की सेवा में

लगा है। सूचना मिलते ही तुंरन्त टीम मौके पर पहुंवःजाता है और बेजुबान को रेस्क्यू कर उसका इलाज करवा बचाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि अभी तक उनकी टीम ने लगभग दो हजार से ज्यादा बेजुबानों को रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई है, जिसमें गाय, कुत्ता,बिल्ली, खरगोश, बंदर आदि सभी अन्य बेजुबानो को बचाने का कार्य करते आ रहे हैं पर बेजुबानो को रेस्क्यू करने में एम्बुलेंस न होने के कारण दिक्कत का सामना करना पड़ता था। गौ सेवा मंड़ल के संरक्षक मास्क मैन अजय अग्रवाल द्वारा एंबुलेंस की सौगात दी गई तो गौ सेवा मंडल के काम में सुविधा मिलने लगी है। अब एंबुलेंस से बेजुबानों को रेस्क्यू कर बचाया जा रहा है। कल ही एक गाय के बच्चे को कुत्ता काट दिया था जिसकी सूचना पर मंडल की टीम एम्बुलेंस लेकर गई और रेस्क्यू कर उनकी जान बचाई गई। कही भी कोई पशु, पक्षी बीमार दिखे तो तुंरन्त गौ सेवा मण्डल के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है।

गाय के पांव में बंधी थी रस्सी; गांठ खोलने के बजाए काट डाला गाय का पांव

रीवा- प्रदेश के रीवा जिले के हरदी गांव में एक जिंदा गाय का पांव काट देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आवारा गाय का एक पैर काटने और अन्य गायों के साथ उसे फेंकने के इल्जाम में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि घटना १३ जनवरी को बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में हुई थी. पुलिस ने बताया कि एक ही परिवार के तीन सदस्य अशोक गुप्ता, राजकुमार गुप्ता और दशरथ गुप्ता सहित अन्य लोग आवारा गायों को ट्रक में भरकर तालाब के पास छोड़ने आए थे. उनमें से एक गाय को ट्रक से उतारने के दौरान गाय के पैर में रस्सी बंधी होने के कारण जल्दबाजी में आरोपियों ने उसका पैर काट दिया और उसे नीचे धक्का दे दिया. बैकुंठपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शुक्ला ने बताया, ''गायों को छोड़ने के दौरान आरोपी घबरा गए और वहां से भागने लगे, लेकिन एक गाय ट्रक के अंदर ही थी और उसका दाहिना पैर बंधा हुआ था. गाय को ट्रक से जल्दी धकेलने के चक्कर में आरोपियों ने उसका पैर काट दिया और उसे नीचे फेंक दिया. उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग पशु चिकित्सक की मदद से गाय का उपचार कर रहे हैं.

मामला सामने आने पर सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी सहित ग्रामीणों के एक समूह ने पुलिस में शिकायत दी जिसके आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मप्र पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबद्ध धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. इस बीच, पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने एक विज्ञप्ति में दावा किया कि उनके प्रयासों और पशु कार्यकर्ता (द्विवेदी) द्वारा दर्ज की गई शिकायत के कारण रीवा पुलिस ने गायों की तस्करी और एक गाय का पैर काटने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

प्रधानमंत्री की डीएम के साथ बैठकः पीएम बोले- बजट बढ़ता रहा लेकिन

आजादी के ७५ साल बाद भी कई जिले पीछे ही रह गए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी २२ जनवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कई जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) से बात की। बैठक के बाद पीएम मोदी ने सभी डीएम को संबोधित भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जिले में होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। पीएम ने कहा कि एक तरफ बजट बढ़ता रहा, योजनाएं बनती रहीं, आंकड़ों में आर्थिक विकास भी होता रहा, लेकिन फिर भी आजादी के ७५ साल बाद भी देश में कई जिले पीछे ही रह गए। समय के साथ इन जिलों के साथ पिछड़े जिलों का टैग लगा दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि आज आकांक्षी जिले देश के आगे बढ़ने के अवरोध को समाप्त कर रहे हैं। आप सबके प्रयासों से आज आकांक्षी जिले गतिरोधक के बजाय गतिवर्धक बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भी मानते हैं कि उनके राज्यों में आकांक्षी जिलों ने कमाल का काम किया है। पीएम मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिलों में विकास के लिए प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद और एक भावुक जुड़ाव भी बहुत जरूरी है। एक तरह से गवर्नेंस का टॉप टू बॉटम और बॉटम टू टॉप फ्लो बहुत जरूरी है। इस अभियान का महत्वपूर्ण पहलू है - टेक्नोलॉजी और इनोवेशन। पीएम मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिलों में जो काम हुआ है वो बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों के लिए अध्ययन का विषय है। पिछले चार सालों में देश के लगभग हर आकांक्षी जिले में जन-धन खातों में ४ से ५ गुना की वृद्धि हुई है। लगभग हर

परिवार को शौचालय मिला है, हर गाँव तक बिजली पहुंची है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों ने, अलग-अलग विभागों ने ऐसे १४२ जिलों की एक लिस्ट तैयार की है। जिन एक-दो पैरामीटर्स पर ये अलग-अलग १४२ जिले पीछे हैं, अब वहां पर भी हमें उसी कलेक्टिव अप्रोच के साथ काम करना है, जैसे हम आकांक्षी जिलों में करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले चार सालों में देश के लगभग हर आकांक्षी जिले में जन-धन खातों में ४ से ५ गुना की वृद्धि हुई है। लगभग हर परिवार को शौचालय मिला है, हर गांव तक बिजली पहुंची है और बिजली सिर्फ गरीब के घर में नहीं पहुंची है बल्कि लोगों के जीवन में ऊर्जा का संचार हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आकांक्षी जिलों में जो लोग रहते हैं, उनमें आगे बढ़ने की तड़प होती है। इन लोगों ने अपने जीवन का अधिकतर समय अभावों में, मुश्किलों में गुजारा है। हर छोटी-छोटी चीजों के लिए उन्होंने परिश्रम किया है।

गौ सेवा परिवार की अनोखी पहल, गायों को ठंड से बचाने खिलाए जा रहे लड्डू

प्रदेशभर में शीतलहर चलने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इंसानों के साथ ही मूक पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। जिले में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए गौ सेवा परिवार की टीम ने अभिनव पहल शुरू की है। सड़कों पर बेसहारा घूमने वाले मूक पशुओं को ठंड से बचाने के लिए उन्हें गुड़ के लड्डू खिलाए जा रहे हैं। गौ सेवा परिवार की टीम मूक पशुओं को कपड़े लपेटकर और अलाव जलाकर ठंड से बचाने का प्रयास भी कर रही है। टीम के सदस्य देर रात तक गायों को लड्डू खिलाते हैं ताकि वो कड़ाके की ठंड का सामना कर सकें। टीम अब तक जिले की १०० से ज्यादा गायों को गुड़ के लड्डू खिला चुकी है। गौ सेवा परिवार जनसहयोग से जिले में यह अभियान चला रहा है, जो कि आगे भी जारी रहेगा।

संपादकीय...
संजय शर्मा

चीन की मंशा

अरुणाचल प्रदेश से एक लड़के का अपहरण कर चीन ने अब नया विवाद खड़ा कर दिया है। यह घटना मंगलवार की है। अरुणाचल प्रदेश के भाजपा सांसद तापिर गाव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर दावा किया था कि चीनी सैनिक अठारह जनवरी को सियांग जिले में भारतीय क्षेत्र में घुस आए और लुंगता जोर इलाके से सत्रह साल के एक लड़के मिराम तैरोन को अगवा करके ले गए। यह घटना गंभीर इसलिए भी है कि चीन लगातार ऐसी हरकतों को अंजाम दे रहा है जिससे भारत उकसावे में आकर कोई कदम उठाए और फिर उसे भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलने का मौका मिले। इससे एक बार फिर यह भी साबित हो गया कि भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ जारी है। जिस क्षेत्र से लड़के को अगवा किया गया, वहां से त्सांगपो नदी भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश करती है। बताया गया है कि यह लड़का यहां अपने एक

दोस्त के साथ शिकार के लिए आया था। पर उसका दोस्त बच निकला और उसी ने स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। लेकिन जो हो, बड़ा सवाल यह है कि भारतीय सैनिकों की कड़ी चौकसी के बावजूद चीनी सैनिक भारतीय सीमा में घुस आने में कामयाब कैसे हो जा रहे हैं? यह लड़का तो चीन की सीमा में घुसा नहीं था! भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों की घुसपैठ कोई नई बात नहीं हैं। ये आए दिन का राग हो चला है। खासतौर से जब से गलवान घाटी विवाद शुरू हुआ है, तब से सीमाई इलाकों में चीनी सैनिकों की गतिविधियां ज्यादा ही बढ़ गई हैं। पिछले साल अक्तूबर में अरुणाचल प्रदेश के ही तवांग में करीब दो सौ चीनी सैनिक भारतीय सीमा में घुस आए थे और टकराव की स्थिति बन गई थी। उससे पहले अगस्त में बड़ी संख्या में चीनी सैनिक उत्तरांखड के बाड़ाहोती में घुस कर तोड़फोड़ की थी। गौरतलब है कि चीन ने साल २०१८ में अरुणाचल प्रदेश के इसी सियांग जिले में भारतीय क्षेत्र में तीन-चार किलोमीटर तक घुस कर सड़क तक बना ली थी। याद किया जाना चाहिए कि सितंबर २०२० में भी चीनी सैनिकों ने अरुणाचल प्रदेश के सुबनसिरी जिले से पांच लोगों को अगवा कर लिया था और उन्हें एक हफ्ते बाद छोड़ा था। हालांकि व्यावहारिक तौर पर देखा जाए तो सीमाई इलाकों में लोगों का एक दूसरे देश की सीमाओं में भूलवश चले जाना कोई गंभीर अपराध नहीं है। ऐसा खासतौर से उन इलाकों में ज्यादा होता है जहां पर सीमाओं को लेकर स्पष्ट सीमांकन या बाड़बंदी नहीं होती, जिनसे यह पता चल सके कि हमारी सीमा यहां तक है। पर जंगली इलाका होने की वजह से कई बार चरवाहों का दूसरे देश की सीमा में पहुंच जाना आम बात है। इस हकीकत को सीमा पर तैनात सभी जवान और अधिकारी समझते हैं। अगर कोई घुस भी आता है तो उसे पूछताछ के बाद उसके देश के अधिकारियों के हवाले कर दिया जाता है। लेकिन सियांग जिले में चीनी सैनिक जिस तरह से घुसे और लड़के को अगवा करके ले गए, उसके पीछे मंशा कोई छिपी नहीं है। भारत और चीन के बीच इस वक्त गंभीर गतिरोध का दौर चल रहा है। गलवान घाटी की घटना के बाद उपजे विवाद को सुलझाने के लिए चौदह दौर की बैठक हो चुकी हैं, पर चीन के हठीले रवैए से कोई नतीजा नहीं निकल पा रहा। इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है कि चीन ऐसी हरकतों के जरिए भारत पर दबाव बनाने की रणनीति पर चल रहा है।

राहुल के सामने प्रियंका गांधी ने कहा- मैं हूं पार्टी का चेहरा, क्या कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन पर संकेत है?

लखनऊ/नई दिल्ली: राहुल गांधी खुद अभी-अभी छुट्टी से लौटे हैं। विदेश गए हुए थे। निजी काम से। ऐसे समय में जब कांग्रेस पार्टी पंजाब में सत्ता बचाने और उत्तर प्रदेश में सम्मान बचाने की लड़ाई लड़ रही थी। खुद को कांग्रेस का सामान्य कार्यकर्ता बताते हैं। सोनिया गांधी कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। प्रियंका गांधी महासचिव हैं। लेकिन पार्टी में भयंकर विरोध है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से पार्टी अध्यक्ष चुनने के लिए जी-२३ सक्रिय है। भारी दबाव में कांग्रेस पार्टी में संगठन की आंतरिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी साल सितंबर-अक्टूबर में कांग्रेस अध्यक्ष के लिए चुनाव होंगे। इस बीच उत्तर प्रदेश में सक्रिय प्रियंका गांधी ने बड़ा संकेत दिया है। शुक्रवार को राहुल गांधी के बगल में रहते उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये संकेत दिया। एक पत्रकार ने पूछा क्या बिना चेहरे के कांग्रेस उत्तर प्रदेश में उतर रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री का चेहरा अहम होता है, इस पर प्रियंका गांधी ने कहा- आपको किसी और का चेहरा दिखता है कांग्रेस पार्टी की तरफ से। इस पर रिपोर्टर ने पूछा .. क्या आप ही चेहरा होंगी? तब प्रियंका गांधी ने मुस्कुराते हुए कहा - दिख तो रहा है न मेरा सब जगह चेहरा। आदतन बड़े

मौकों पर निजी कारणों से विदेश यात्रा करने वाले राहुल गांधी ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वो बैठे हुए थे। हालांकि पिछले साल जब कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई थी तब अशोक गहलोत जैसे राहुल के समर्थकों ने उनसे पार्टी अध्यक्ष बनने की गुहार लगाई थी। संख्याबल पक्ष में था नहीं , इसलिए सोनिया ने सख्त लहजे में कह दिया कि फुल टाइम अध्यक्ष मैं ही हूं। दरअसल कपिल सिब्बल और गुलाम नबी आजाद ने फुल टाइम अध्यक्ष नहीं होने पर सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जताई थी।

सीताराम केसरी के बाद अब तक कांग्रेस में अध्यक्ष सर्वसहमति से ही चुना जाता रहा है। इस बार पार्टी नेताओं का मूड कुछ अलग है। ऐसी स्थिति में प्रियंका गांधी ने खुद को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री का चेहरा बताकर साफ संकेत दिया है कि अगर जरूरत पड़ी तो पार्टी की बागडोर वो संभाल सकती हैं। दबी और खुली दोनों जुबान में पार्टी नेताओं को प्रियंका गांधी में उनकी दादी और चार बार प्रधानमंत्री बनीं इंदिरा गांधी का अक्स दिखता है। इसमें कोई शक नहीं कि प्रयिंका के कंधों पर ही यूपी चुनाव की जिम्मेदारी है। बल्कि ये जिम्मेदारी उन्होंने खुद ली है।

पूरब के चक्रव्यूह में सुरक्षित कमल; भाजपा की सबसे सुरक्षित सीट से कौन बनेगा उम्मीदवार, डिप्टी सीएम भी दावेदार

लखनऊ- लखानऊ पूर्व विधानसभा सीट बीजेपी के लिए कितनी सुरक्षित है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि साल २०१२ में सपा की लहर के दौरान लखनऊ शहर के पांच सीटों में महज यहीं से बीजेपी प्रत्याशी जीता था। चार सीटों पर बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि पूर्व सीट से बीजेपी प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी को भारी अंतर से हराया था। इस सीट पर बीजेपी से प्रत्याशी के नाम पर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। निवर्तमान विधायक आशुतोष टंडन को यहां मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसके साथ डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा के चुनाव लड़ने का ऐलान के बाद पूर्व सीट को भी उनकी पसंदीदा सीटों में एक बताया जा रहा। पिछले ३० साल से यहां कमल खिल रहा है। ऐसे में बीजेपी के टिकट को जीत की गारंटी माना

जा रहा है। बीजेपी का गढ़ मानी जाने वाली सीट से पूर्व सांसद लालजी टंडन के बेटे और निवर्तमान विधायक आशुतोष टंडन भी दोबारा टिकट चाहते हैं। इस बीच पूर्व सांसद और इसी सीट से विधायक रह चुके कलराज मिश्रा के बेटे अमित मिश्रा का नाम भी चर्चा में है। तमाम नामों की चर्चाओं के बीच बीजेपी ने अब तक प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है। वहीं, सपा और कांग्रेस ने भी सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी से टिकट का ऐलान होने के बाद जातीय समीकरण के मुताबिक दूसरी पाटिर्यां यहां से प्रत्याशी का ऐलान करेंगी। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर साल १९९१ से बीजेपी का कब्जा है। बीजेपी के खिलाफ इस सीट पर विपक्ष का कोई समीकरण काम नहीं आया। साल २०१७ में सपा-कांग्रेस गठबंधन करके भी चुनाव नहीं जीत सकी थी। हाईप्रोफाइल मानी जाने वाली सीट को लेकर फिलहाल कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

अयोध्या की सीटों पर बीजेपी के चुनाव प्रचार का मजबूत खाका तैयार, RSS का मिला साथ

अयोध्या- बीजेपी की सबसे महत्वपूर्ण विधानसभा अयोध्या सीट के साथ जिले की अन्य चारों विधानसभा गोसाईगंज, रूदौली, बीकापुर और मिल्कीपुर सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए बीजेपी संगठन ने मजबूत आईटी व बूथ लेवल तक टीमें तैयार की हैं। हालांकि यहां चुनाव पांचवे चरण में है, लेकिन बीजेपी की टीमों ने सरकार की उपलब्धियों का प्रचार शुरू कर दिया है। बूथ लेवल पर गठित टीमें घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं के पंफलेट बांट रही हैं। बीजेपी के क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने चुनाव प्रचार संरचना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से आईटी सेल, सोशल मीडिया व बूथ लेवल तक प्रचार तंत्र तक तैयार नेटवर्क तैयार किया गया है। श्रीवास्तव के मुताबिक, प्रदेश से लेकर विधान सभा, मंडल व बूथ स्तर तक के लिए प्रचार की टीमें गठित की गई हैं जिसने काम भी शुरू कर दिया गया। बताया गया कि अयोध्या सीट को विशेष दर्जे की सीट मानकर इसके लिए मजबूत प्रचार नेट वर्क तैयार किया गया है। अयोध्या विधान सभा क्षेत्र में कुल ३ लाख ८९ हजार ७६६ वोटर हैं। कुल ४१४ बूथ हैं। औसत ९०० वोटर हर

बूथ से जुड़े हैं। जिनसे संपर्क करने के लिए २१ सदस्यीय टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि हर बूथ पर बीजेपी के ५ सोशल मीडिया वालंटियर तैनात किए गए हैं। बताया गया हर बूथ पर त्रिदेव की तैनाती की गई है जो पूरी टीम पर नियंत्रण रखने के साथ कोआर्डिनेटर के तौर पर कार्य करेंगे।

दूसरों के सहारे दुकान चलाने का अखिलेश का सपना नहीं होगा पूरा; ब्रजेश पाठक का हमला

बरेली- उत्तर प्रदेश के मंत्री बृजेश पाठक ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास 'पहले फेज की ज्यादातर सीटों के लिए नाम किए फाइनल'अपना कुछ नहीं है और वह दूसरों की मदद से दुकान चलाने'' की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे। ब्राह्मण समाज के लोगों से मिलने के बाद उन्होंने कहा, ''सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास अपना कुछ नहीं है। वह दूसरे के सहारे अपनी दुकान चलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन

उनका यह सपना पूरा नहीं होगा। मोदी और योगी के नेतृत्व में भाजपा २०२२ में प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी।' उन्होंने ब्राह्मण समाज के लोगों से कहा, 'आप किसी के बहकावे में न आयें ।' बुधवार देर रात पत्रकारों से बातचीत में भाजपा में इस्तीफों पर कैबिनेट मंत्री ने कहा, 'भाजपा, कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, हमने एक प्रशिक्षित कैडर तैयार किया है। पूरे पांच वर्ष जनता के बीच मे रहकर काम किया है, ये लोकतंत्र का महापर्व है। जब परिणाम आएगा तो भाजपा के पक्ष में आएगा।'

आचार संहिता उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा, बिजनौर, बागपत, मेरठ में कई नेताओं पर एफआईआर

मेरठ- यूपी विधानसभा चुनाव में आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं पर प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा हैं। बिजनौर में नूरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मिठाई बांटने पर एफआईआर दर्ज की गई हैं। बिजनौर की सदर सीट से बसपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक रुचि वीरा के खिलाफ भी आचार संहिता का उल्लंघन करने और महामारी एक्ट के तहत मंडावर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बागपत में रालोद उम्मीदवार और पूर्व विधायक समेत २५० के खिलाफ और मेरठ में भी सपा कैंडिडेट योगेश वर्मा पर एफआईआर लिखी गई हैं। बिजनौर में नूरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह के खिलाफ फ्लाइंग स्क्वाड मजिस्ट्रेट सुरेश चंद की ओर से दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में उनके समर्थकों द्वारा कोविड गाइडलाइन

का उल्लंघन करते हुए मिठाई बांटी गई। अनुचित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकेंद्र चौहान के भाई हैं। बिजनौर सदर सीट से बसपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक रुचि वीरा के खिलाफ भी आचार संहिता का उल्लंघन करने और महामारी एक्ट के तहत मंडावर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जीरो बजट या कुदरती खेती क्या है?

जीरो बजट खेती का अर्थ है की चाहे कोई भी फसल हो उसका उपज मोल ज़ीरो होना चाहिए। (कॉस्ट ऑफ़ प्रोडक्शन विल बी जीरो) कुदरती खेती मैं इस्तेमाल होने वाले साधन बाजार से खरीद कर नहीं डाले जाने चाहिए। वो सरे साधन और तत्व पौधे की जड़ों के आस पास ही पड़े होते हैं। अलग से बन बनाया कुछ भी डालने की जरूरत नहीं है। हमारी धरती पूर्ण तरह से पालन हार है।

हमारी फसलें धरती से किनते प्रतिशत तत्त्व लेती हैं?

हमारी फसल सर डेढ़ से दो प्रतिशत ही धरती से लेती हैं। बाकि अठानवे से साढ़े अठानवे प्रतिशत हवा और पानी से लेती हैं। असल मैं आपको फसल लेने के लिए अलग से कुछ डालने की जरूरत नहीं है। यही खेती का मूल विज्ञान है। हरे पत्ते दिन भर खाद का निर्माण करते हैं। हर एक हरा पता अपने आप ने एक खाद्य कारखाना है। जो की इन्ही चीजों से खुराक बनता है। वो हवा से कार्बन डॉइ ऑक्साइड और न्यट्रोजन लेता है। बरसात से इकठा हुआ पानी उसकी जड़ों तक पहुँच जाता है। सूरज की रौशनी से ऊर्जा (१२/५ किलो कैलोरीज / वर्ग फुट एरिया प्रति दिन) ले कर खुराक का निर्माण करता है। किसी भी फसल या पेड़ का पता दिन की दस घंटे धुप दौरान प्रति वर्ग फुट एरिया के हिसाब से साढ़े चार ग्राम खुराक तैयार करता है। इस साढ़े चार ग्राम से डेढ़ ग्राम दाने को या ढाई ग्राम फल या पेड़ के किसी और हिस्से को मिल जाता है जहाँ योग्यता हो। खुराक बनने योग्य तत्व वो हवा या पनि से लेता है। जो की बिलकुल फ्री है। इस लिए न तो बादल का कोई बिल है और न हवा पनि का। सब मुफ्त मिलता है। जब पौधे ये तत्व लेते हैं तो किसी डॉक्टर

या यूनिवर्सिटी की फरमाइश से नहीं लेते। अगर हम ये मान भी लेते हैं तो जंगलों मैं ये परिकिरिया कौन सी विश्विदियलय या डॉक्टर करते हैं ये बिलकुल कुदरती होता है।

अब बात ये उठती है की अगर ये सब धरती मैं है तो डॉक्टर मिटी की जाँच किों करवाते हैं। हाँ वो ये जान ने के लिए की कौन से तत्व हैं। फिर डॉक्टर ये कहते हैं की आपकी मिटी मैं तत्व तो हैं लेकिन पौध इनको गरहन नहीं कर सकता इस लिए ऊपर से डालने पड़ेंगे। असल मैं ये बात वैसे ही है जैसे हमारे घर में खाना पड़ा हो लेकिन पक हुआ न हो और पकाने वाले भी घर पे न हों। और हम बाहर से पका हुआ खाना मगवा कर खाएं। उसी तरह तत्व तो हमारी धरती में सभ हैं लेकिन उनको पकाने वाले जीव हमने मार दिए हैं रसायन या कीट नाशक या और केमिकल डाल कर। अगर हम इनकी व्रतों बंद करके देसी तरीके से चलते हैं तो हम जरूर उन खाना बनने वाली किरिया को चालु कर सकते हैं। इस लिए हमें जीव जन्तुओ को पुनर स्थापित करना होगा।

हम अनत कोटि जीवों को कैसे खेत में डाल कर खाद बनने के काम लगा सकते हैं?

वो चमत्कारी साधन है हमारी देसी गाय का गोबर। इसमें करोड़ो सक्षम जीव होते हैं जो धरती मत को चाहिए हैं। ये धरती को ऐसे जाग लगाती है जैसे दूध को दही। जैसे पूरी हांडी का दूध सिर्फ एक चमच दही से ही दही बन जाता है वैसे ही गाए का गोबर काम करता है। एक गाए एक ग्राम के गोबर में तीन सो करोड़ से पांच सो करोड़ तक सक्षम जीव होते हैं।

एक एकर को कितना गोबर चाहिए?

इस्पे खोज की गई थी जिस से सामने आया है की ,महाराष्ट्र की गोलउ ,लाल कंधारी ,खिलारी, देवनी डांगी ,निमारी और पश्चिमी भारत की गिर ,थपरकर ,साहीवाल रडसिन्धी, और दक्षिणी भारत की अमृत महल और कृष्णा काठी , और उत्तर भारत की हरयाणा नामी गय खोज का हिंसा बानी थी।

इनके ऊपर किये गए तजुरबे नीचे दिए गए हैं

पहला तजूर्बा:- देसी गए का गोबर और मल मटर सबसे उत्तम है। लेकिन बैल और भैंस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जरसी गाये का नहीं होना चाहिए। किओंकी वो गाये नहीं कोई और जीव है। गाओं में से कपिला गाय उत्तम है। जिसका रंग कल हो।

दूसरा तजुरबा :- गोबर जितना ताज़ा हो उतना अच्छा है और मूत्र जितना पुराण हो उतना अच्छा है।

तीसरा तजुरबा :- एक गए तीस एकर तक की खेती के लिए जायज़ है। इसके होते हुए रसायन खाद इस्तेमाल करना मतलब फ्री में जेब कटवाना है। एक देसी गाये एक दिन मैं गियरह किलो गोबर देती है। और हमें एक महीने मैं दस किलो गोबर एक एकर में डालना चाहिए मतलब साल में एक क्वीन्टल बीस किलो एक एकर के लिए काफी है। और ट्राली भर के गोबर डालने की जरूरत नहीं है।

गोबर को किस ढंग से खेत में डालना है?

जीवों के मल मुतर से पेड़ों या फसलों के फल देने का गहरा सम्बन्ध है। आप ने देखा होगा के जिस पेड़ को मीठे फल लगते हैं उसके फल खा क्र जीव वाही मल मूत्र करते हैं जिस से पेड़ को खुराक मिलती है इसी सिद्धांत पे चलते। कुदरत मीठा फल देती है और बदले में जीव पौधे को खुराक देते हैं खोज कर्ताओं ने गए के गोबर मैं गुड डाला जिस से की सुखसम जेव जियादा बढे और जल्दी बढे। अगर और भी अच्छे परिणाम लेने हो तो प्रोटीन वाली दाल का भी कुछ प्रतिशत डालना चाहिए। जिस से जीव जल्दी सक्रिय होते हैं।और इन्ही परिणामों के चलते नीचे दी गई औषदि के रूप में तैयार किये जा सकते हैं।

गोरक्षार्थ धमयुद्ध सुत्रपात

धर्मप्राण भारत के हरदे सम्राट ब्रह्मलीन अन्त श्री स्वामी श्री करपात्री जी महाराज द्वारा संवत २००१ में संस्थापित अक्षिल भारतवासीय धर्मसंघ ने अपने जन्मकाल से ही मॉ भारतीय के प्रतीक गो रक्षा पालन पूजा एंव संर्वधन को अपने प्रमुखा उद्देश्यो में स्थान दिया था। सन २१४६ में देश में कांग्रेस की अंतरिम सरकार बनी। भारतीय जनता ने अपनी सरकार से गोहत्या के कलंक को देश के मस्तक से मिटाने की मांग की। किंतु सत्ताधारी नेताओं ने पूर्व घोषणाओ की उपेक्षा कर धर्मप्राण भारत की इस मांग को ठुकरा दिया। सरकार की इस उपेक्षावर्ती से देश के गोभक्त नेता एवं जागरूक जनता चिन्तित हो उठी। उन्हे इससे गहरा आघात लगा। सन' १९४६ के दिसम्बर मास में देश के प्रमुख नगर बंबई श्रीलक्ष्मीचण्डी-महायज के साथ ही अखिल भारतीय धर्मसंघ के तत्वाधान में आयोजित विराट गोरक्षा सम्मेलन मे स्वामी करपात्री जी ने देश के धार्मिक सामाजिक एंव राजनैतिक नेताओं एंव धर्मप्राण जनता का आह्वान किया। देश के सवोच्च धर्मपीठो के जगदगुरू शंकराचार्य संत महात्मा विद्वान राजा-महाराजा एंव सद'गहस्थो ने देश के समक्ष उपस्थित इस समस्या पर गम्भीर विचार मंथन किया। और सम्मेलन में सर्वसम्मत घोषणा की गयी कि गयी' सरकार से यह सम्मेलन अनुरोध करता है कि देश के सर्वविध कल्याण को ध्यान में रखते हुए भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रतीक गोवंश की हत्या कानून द्वारा प्रतिबन्ध लगा दे। कदाचित सरकार ने अक्षया त्रतीय २३ तदनुसार २८ अप्रैल १९९८ तक सम्मेलन के अनुरोध पर ध्यान नही दिया तो अखिल भारतीय धर्म संघ देश की राजधानी दिल्ली मे सम्पुर्ण गो हत्याबंदी के लिए अंहिसात्मक सत्याग्रह प्रारम्भ कर देगा। उक्त घोषणा के पश्चात् शिष्ट मण्डलो गो रक्षा सम्मेलनो जन सभाओ हस्ताक्षर आन्दोलन एवं स्मरण पत्रों द्वारा सरकार के कर्ण धारो को गोहत्या बंदी की मॉग का औचित्य एवं अनिर्वायता समझाने की भरसक चेष्टा की गयी; किंतु सरकार के कानपर जू तक नही रेंगी।

Budget 2022: India set for modest fiscal consolidation amid slow economic recovery

After Budget 2020 was blown apart in a couple of months by the onset of the coronavirus pandemic, Finance Minister Nirmala Sitharaman was fully prepared the next year, presenting a package focused on capital expenditure to pull the Indian economy out of the rut it found itself in.

The objective of the 2022 Budget–set to be presented on February 1–is not too dissimilar although some limiting factors have emerged. "The upcoming budget faces acute policy trade-offs between nurturing a nascent growth recovery and diminishing fiscal space with challenging debt dynamics," noted Madhavi Arora, lead economist at Emkay Global Financial Services.

A combination of pandemic-related spending and a clean-up of its books saw the Union government's fiscal deficit balloon to 9.2

percent of gross domestic product (GDP) in fiscal year 2021. While this allowed the Centre to target a sharp reduction in the deficit to 6.8 percent next year, a similar pullback is not expected in fiscal 2023. According to a Moneycontrol survey of 10 economists, the Centre should meet its fiscal deficit target for fiscal 2022. And while some consolidation is expected in fiscal 2023, it is likely to be modest, with the median of economists' estimates suggesting the 2022 Budget will set a fiscal deficit target of 6.1 percent of GDP for the next financial year.

"We believe that policymakers will favour a gradual consolidation, which will be premised on continued tax buoyancy as economic growth improves and reduction in pandemic-related increase in revenue spending,'' Morgan Stanley economists said in a report on January 18. Aided by a favourable base effect, India's GDP is expected to grow 9.2 percent in fiscal 2022, decelerating to 7.6 percent in fiscal 2023, as per the Reserve Bank of India's (RBI) most recent survey of professional forecasters.

The Centre's tax collections have improved remarkably in fiscal 2022, with gross tax collections in April-November 2021 up a massive 50.3 percent year-on-year thanks to a low base and the ongoing economic recovery. On the whole, the Centre's receipts in the year could exceed the Budget estimate by as much as Rs 3 lakh crores. This would broadly match the net cash outgo as per the government's first and second supplementary demands for grants for the year. However, fiscal 2023 will be an entirely different ballgame.

